कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़(छ.ग.)

मासिक पत्रिका

माह–जनवरी

2016

संजय मार्केट से 15 किलो पालिथीन जब्त

नगर निगम की कार्रवाई



क्रांतिकारी / न्यूज

रायगढ़। प्रतिबंध के बाद भी पालिथीन के उपयोग को लेकर एक बार फिर नगर निगम ने कार्रवाई शुरु की है। जिसमें सोमवार को संजय कॉम्प्लेक्स में की गई जांच में 15 किलो पालिथीन जब्त किया गया है।

दुकानों और सब्जी मंडियों सहित सभी जगहों पर पालिथीन के उपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध लगाया है। जिस पर कुछ समय पहले जांच कर पालिथीन जब्त किया गया था। लेकिन कुछ दिन तक शांत रहने के बाद व्यवसायियों ने फिर से इसका उपयोग शुरु कर दिया है। पूरे शहर में अमूमन हर मार्केट व दुकान में फिर से पालिथीन का चलन बढ़ गया है। लंबे समय से मिल रहे शिकायत के बाद नगर निगम ने संजय कांप्लेक्स में दबिश देकर व्यवसायियों के कब्जे से 15 किलो पालिथीन जब्त किया है। बताया जाता है कि नगर निगम हर दिन पालिथीन की जांच शहर के सभी मार्केट में करेगी। इसके बाद भी नहीं मानने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

नहीं किया किसी पर जुर्माना

नगर निगम ने महज खानापूर्ति के लिए ही संजय कांप्लेक्स में पालिथीन जब्त किया है। जबकि पालिथीन पर पूर्णतः प्रतिबंध के बाद इसका उपयोग करने वाले व्यवसायियों पर जुर्माने का निमय है।

लेकिन निगम की टीम ने किसी भी व्यवसायी पर जुर्माना नहीं किया। निगम की इसी खानापूर्ति कार्रवाई के कारण व्यवसायियों में खौफ नहीं है। जिसके कारण शहर में पालिथीन का उपयोग जारी है।

महापौर और पार्षदों संग एसपी ने की बैठक

क्रांतिकारी / न्यूज

रायगढ़। नए पुलिस अधीक्षक बीएस मीणा ने सोमवार को महापौर एमआईसी सदस्यों और पार्षदों से अलग-अलग बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने पूरे शहर की स्थिति से परिचित होने के बाद पार्षदों से क्राईम कंट्रोल पर विशेष चर्चा की। जिसमें हर वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर जोर दिया। इसके अलावे यातायात व्यवस्था को सुधारने तथा शहर में पार्किंग स्थल डेवलेप करने के लिए पार्षदों से राय ली। शहर के मुख्य मार्गों में आवारा पशुओं द्वारा यातायात में व्यवधान को लेकर एसपी ने शहर के आसपास के गांवों में बने कांजी हाउस में रखने अपनी राय दी। साथ ही शहर में आवारा कुत्तो के आतंक पर अंकुश लगाने एसपी ने महापौर और पार्षदों को डाग हाउस के निर्माण पर गति लाने का सुझाव दिया। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने पार्षदों से खुलकर बात करते हुए कहा कि क्राईम को कंट्रोल करने में पार्षदों की अहम भूमिका हो सकती है। वार्ड में संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों की जानकारी पुलिस को देने, अवैध शराब बिक्री करने और जुआ सट्टा जैसे असमाजिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले लोगों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने में पार्षदों के योगदान की अहम बताया। साथ ही शहर के सभी वार्डों में सामाजिक सहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाने पर भी एसपी श्री मीणा ने जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने जिस तरह से पूरे दिन अलग अलग पार्षदों की बैठक लेकर शहर की तमाम समस्याओं को हल करने में दिलचस्पी दिखाई है उससे लगता है आगामी दिनों में शहर में एक बेहतर बदलाव नजर आएगा। एसपी से मुलाकात करने वालों में महापौर मधु बाई, एमआईसी सदस्य रामकृष्ण खटवाँ, पार्षद कौशलेष मिश्रा, आशीष ताम्रकार, दीपेश सोलंकी, अशोक यादव, महेश शुक्ला आदि प्रमुख रुप से शामिल थे।

यातायात व्यवस्था, शहर के सभी वार्डों में सीसीटीवी लगाने पर हुई चर्चा

डाग हाउस और आवारा पशुओं के लिए भी योजना बनाने कहा

हेलमेट लटकाकर घुमने वालों पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक बीएस मीणा ने कहा कि दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आजकल देखने को मिला है कि लोग कार्रवाई से बचने के लिए अपने वाहन में हेलमेट लटकाकर घूमते हैं। ऐसे लोगों पर भी जुर्माना किया जाएगा। एसपी ने इस बात के संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में एक बार फिर हेलमेट को लेकर मुहिम छेड़ी जाएगी।